# प्रैस नोट

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि हिमाचल प्रदेश अधीनस्थ सेवाएं चयन बोर्ड हमीरपुर, द्वारा आयोजित की जाने वाली विभिन्न छंटनी परीक्षाओं के लिए नियमानुसार एक स्थापित प्रक्रिया निर्धारित है जिसके तहत लिखित परीक्षा के उपरान्त अस्थाई उत्तर कुंजी इंटरनैट पर अपलोड कर दी जाती है और अभ्यर्थियों को एक सप्ताह के भीतर आपत्तियां दर्ज करवानी होती हैं। अभ्यर्थियों द्वारा दर्ज आपत्तियों को मध्यनजर रखते हुए विषेशज्ञ दल (Expert penal) द्वारा अस्थाई उत्तर कुंजी की जांच की जाती है और आपत्तियों का निराकरण करके अन्तिम उत्तर कुंजी तैयार करने के उपरान्त उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जाता है। अतः अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि अस्थाई उत्तर कुंजी के बारे में फैलाई जा रही भ्रामक अफवाहों से भ्रमित न हों क्योंकि अभ्यर्थियों द्वारा दर्ज सभी आपत्तियों पर पूर्ण गौर करने के उपरान्त ही उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जाता है।

सचिव,
हिमाचल प्रदेश अधीनस्थ सेवाएं
चयन बोर्ड, हमीरपुर।

प्रतिलिपि :–

1) निदेशक आकाशवाणी केन्द्र शिमला को इस आशय के साथ प्रेषित है कि प्रादेशिक समाचारों के बाद उक्त प्रैस–नोट को दो–तीन बार उद्घोषित किया जाए।
2) सम्पादक, समस्त समाचार पत्र, हमीरपुर।

दिनांकः 07 मई, 2015

सचिव,
हिमाचल प्रदेश अधीनस्थ सेवाएं
चयन बोर्ड, हमीरपुर।